# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 16 फरवरी, 2019

**न्यूनतम उपलब्ध गहराई सूचना प्रणाली**
**(Least Available Depth Information System-LADIS)**

राष्ट्रीय जलमार्गों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाते हुए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (Inland Waterways Authority of India-IWAI) ने एक नया पोर्टल '**न्यूनतम उपलब्ध गहराई सूचना प्रणाली**' (LADIS) लॉन्च किया है।

- LADIS यह सुनिश्चित करेगा कि न्यूनतम उपलब्ध गहराइयों के बारे में वास्तविक आँकड़ों को जहाज़/नौका और मालवाहक जहाज़ों के मालिकों को प्रसारित किया जाए, ताकि वे राष्ट्रीय जलमार्गों पर अधिक नियोजित तरीके से परिवहन परिचालन कर सकें।
- IWAI ने LADIS को राष्ट्रीय जलमार्ग (National Waterways) पर चलने वाले अंतर्देशीय जहाज़ों के प्रतिदिन के संचालन को सुगम बनाने तथा सेवा और संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा से बचने के लिये डिज़ाइन किया है।
- यह राष्ट्रीय जलमार्गों पर निर्बाध परिचालन के लिये सूचना के आदान-प्रदान की विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाएगा, इसके अलावा, जहाज़ों की आवाज़ाही के दौरान पैदा होने वाली समस्याओं के बारे में भी पूर्वानुमान व्यक्त करेगा।

**भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (Inland Waterways Authority of India-IWAI)**

- नौवहन और नौचालन के लिये अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास और विनियमन हेतु भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) की स्थापना 27 अक्तूबर, 1986 को की गई।
- IWAI जहाज़रानी मंत्रालय (Ministry of Shipping) के अधीन एक सांविधिक निकाय है।
- यह जहाज़रानी मंत्रालय से प्राप्त अनुदान के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्गो पर अंतर्देशीय जल परिवहन अवसंरचना के विकास और अनुरक्षण का कार्य करता है।
- प्राधिकरण का मुख्यालय नोएडा (New Okhla Industrial Development Authority-NOIDA) में क्षेत्रीय कार्यालय पटना, कोलकाता, गुवाहाटी और कोची में तथा उप-कार्यालय प्रयागराज (पूर्व में इलाहाबाद), वाराणसी, भागलपुर,
- रक्का और कोल्लम में हैं।
- राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अनुसार, अभी तक 111 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है।

- वर्ष 2018 में IWAI ने कारगो मालिकों एवं लॉजिस्टिक्स संचालकों को जोड़ने हेतु समर्पित पोर्टल 'फोकल' (Forum of Cargo Owners and Logistics Operators-FOCAL) लॉन्च किया था जो जहाज़ों की उपलब्धता के बारे में रियल टाइम डेटा उपलब्ध कराता है।
- 2018 में IWAI ने गंगा नदी पर जलमार्ग विकास परियोजना के लिये विश्व बैंक (World Bank) के साथ एक परियोजना समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिसका उद्देश्य वाराणसी से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) पर नौवहन (Navigation) की क्षमता में वृद्धि करना है।
- IWAI द्वारा शुरू की गईं ये सभी पहलें राष्ट्रीय जलमार्गों को एक प्रमुख परिवहन क्षेत्र के रूप में विकसित करने और लॉजिस्टिक्स की विशाल लागत (जिनका वर्तमान GDP में 15% योगदान है, तथा यह लागत अमेरिका के लॉजिस्टिक्स कीमत की दोगुनी है) को कम करने के उद्देश्य का एक हिस्सा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-16-02-2019